## नोएडा में 10 क्विंटल नकली पनीर जब्त:उदयपुर कलाखुरी में फैक्ट्री पर हुई छापेमारी, दूध-पनीर के नमूने जांच को भेजे गए



नोएडा में 10 क्विंटल संदिग्ध पनीर की बरामदगी के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुलंदशहर में कार्रवाई की है। जहांगीरपुर क्षेत्र के गांव उदयपुर कलाखुरी स्थित एक पनीर फैक्ट्री पर छापा मारा गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त विनीत कुमार के अनुसार, शुक्रवार रात नोएडा में एक वाहन से 10 क्विंटल संदिग्ध पनीर बरामद हुआ था। जांच में पता चला कि यह पनीर उदयपुर कलाखुरी की फैक्ट्री से भेजा गया था।

### 12 क्विंटल पनीर का उत्पादन किया गया

फैक्ट्री के मुनीम ने बताया कि शुक्रवार को लगभग 12 क्विंटल पनीर का उत्पादन किया गया। इसमें से 10 क्विंटल नोएडा भेजा गया। फैक्ट्री में एक क्विंटल से अधिक पनीर मौजूद मिला। रिकॉर्ड के अनुसार फैक्ट्री में 45 क्विंटल दूध की आवक दर्ज थी।

विभाग की टीम ने फैक्ट्री से पनीर और दूध के नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं। फैक्ट्री में नकली पनीर बनाने में इस्तेमाल होने वाले रिफाइंड या अन्य केमिकल नहीं मिले। यह फैक्ट्री पिछले 20 वर्षों से पनीर का उत्पादन कर रही है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/bulandshahar/news/10-quintals-of-fake-cheese-seized-in-noida-135909301.html